# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 8.5.26 | 2 | 7-8 |

## कृषि उद्योग में रोजगार के अवसर बताए

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) और फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एफएआई) की ओर से शुक्रवार को कृषि महाविद्यालय में फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार गोयल ने स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उर्वरक और कृषि इनपुट उद्योग में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को उर्वरकों के वैज्ञानिक उपयोग, लॉजिस्टिक्स, मार्केटिंग और कृषि क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जाती है। एफएआई पब्लिकेशन एंड पीआर निदेशक डॉ. डीएस यादव ने संतुलित उर्वरक उपयोग, अनुसंधान और तकनीकी विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. हरेंद्र कौशिक, डॉ. अरुण कुमार, डॉ. सुभाष चंद्र गिल, डॉ. देवी दयाल और विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल यादव, डॉ. दिनेश तोमर उपस्थित रहे। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 8.5.26 | 11 | 1 |

## हकृवि में फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम

हिसार। हरियाणा कृषि विवि एवं फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया एफएआई-नॉर्थ रीजन की ओर से संयुक्त रूप से कृषि कॉलेज में स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार गोयल मुख्य अतिथि रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 08.05.2026 | -- | -- |


# हरियाणा कृषि वि.वि. में फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया एफएआई-नॉर्थ रीजन द्वारा संयुक्त रूप से कृषि महाविद्यालय में स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार गोयल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे।

कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ रमेश कुमार गोयल ने बताया कि फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से शोधार्थियों को उर्वरक एवं कृषि क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं, लॉजिस्टिक्स एवं मार्केटिंग, उर्वरकों के उपयोग की दक्षता बढ़ाने के उपाय तथा इन क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी देना है। यह कार्यक्रम उर्वरक एवं कृषि इनपुट उद्योगों में रोजगार के अवसरों हेतु विद्यार्थियों में आत्मविश्वास विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया पब्लिकेशन एंड पीआर के निदेशक डॉ. डीएस यादव ने अपने स्वागत भाषण में एफएआई द्वारा उर्वरक एवं कृषि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दक्ष दर्पण | 08.05.2026 | -- | -- |

# हकृवि में फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

दक्ष दर्पण






हिसारः चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया एफएआई-नॉर्थ रीजन द्वारा संयुक्त रूप से कृषि महाविद्यालय में स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार गोयल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ रमेश कुमार गोयल ने बताया कि फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के माध्यम से शोधार्थियों को उर्वरक एवं कृषि क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं, लॉजिस्टिक्स एवं मार्केटिंग, उर्वरकों के उपयोग की दक्षता बढ़ाने के उपाय तथा इन क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी देना है। यह कार्यक्रम उर्वरक एवं कृषि इनपुट उद्योगों में रोजगार के अवसरों हेतु विद्यार्थियों में आत्मविश्वास विकसित करने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया पब्लिकेशन एंड पीआर के निदेशक डॉ. डीएस यादव ने अपने स्वागत भाषण में एफएआई द्वारा उर्वरक एवं कृषि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने एफएआई के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संतुलित एवं वैज्ञानिक उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देना, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास को प्रोत्साहन देना, कृषि उत्पादन एवं खाद्य सुरक्षा में योगदान प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना शामिल है। कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार, डॉ. सुभाष चन्द्र गिल, डॉ. देवी दयाल व डॉ. देशराज सिंह विश्नोई ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सस्य विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. अनिल यादव, मृदा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. दिनेश तोमर सहित वैज्ञानिक व विद्यार्थी उपस्थित रहे। एफएआई अधिकारी डॉ. हरेन्द्र कौशिक ने सभी का धन्यवाद किया

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 09.05.2026 | -- | -- |


# हकृवि में फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित




**-पाठकपक्ष न्यूज-**

**हिसार, 9 मई :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में कृषि महाविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार गोयल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों और शोधार्थियों को उर्वरक उद्योग, लॉजिस्टिक्स, मार्केटिंग तथा रोजगार के अवसरों की जानकारी प्रदान करने में सहायक सिद्ध होते हैं। एफएआई पब्लिकेशन एंड पीआर के निदेशक डॉ. डीएस यादव ने स्वागत भाषण में एफएआई द्वारा उर्वरक एवं कृषि क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संस्था संतुलित एवं वैज्ञानिक उर्वरक उपयोग, अनुसंधान, तकनीकी विकास और कृषि उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए लगातार कार्य कर रही है। कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार, डॉ. सुभाष चंद्र गिल, डॉ. देवी दयाल एवं डॉ. देशराज सिंह विश्नोई ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सस्य विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल यादव, मृदा विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. दिनेश तोमर सहित वैज्ञानिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में एफएआई अधिकारी डॉ. हरेन्द्र कौशिक ने सभी का धन्यवाद किया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 8.5.25 | 5 | 5-6 |

# हकृवि में विश्व रेड क्रॉस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 8 मई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में विश्व रेड क्रॉस एवं रेड क्रिसेंट दिवस मनाया गया। यह दिवस विश्व भर में हेनरी ड्यूनांट की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्होंने अपना जीवन मानव सेवा को समर्पित किया तथा वर्ष 1901 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ मुख्य अतिथि जबकि जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सेवानिवृत सचिव सुरेंद्र श्योराण विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. खीचड़ ने यूथ रेड क्रॉस स्वयंसेवकों द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा विद्यार्थियों को सामाजिक एवं मानवीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि. भूमि | 8.5.26 | 11 | 7.8 |

## हकृवि में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया

हिसार। हरियाणा कृषि विवि की यूथ रेड क्रॉस इकाई की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में विश्व रेड क्रॉस एवं रेड क्रिसेंट दिवस मनाया गया। यह दिवस विश्व भर में हेनरी इयूनांट की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्होंने अपना जीवन मानव सेवा को समर्पित किया तथा वर्ष 1901 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ मुख्य अतिथि जबकि जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सेवानिवृत सचिव सुरेंद्र श्योराण विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. खीचड़ ने कहा कि रेड क्रॉस द्वारा प्रतिपादित मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वैच्छिक सेवा एवं एकता जैसे सिद्धांत आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 8.5.26 | 9 | 7-8 |



कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

## हकृवि में विश्व रैडक्रॉस दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हिसार, 8 मई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में विश्व रेड क्रॉस एवं रेड क्रिसेंट दिवस मनाया गया। यह दिवस विश्व भर में हेनरी ड्यूनांट की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्होंने अपना जीवन मानव सेवा को समर्पित किया तथा वर्ष 1901 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ मुख्य अतिथि जबकि जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सेवानिवृत सचिव सुरेंद्र श्योराण विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. खीचड़ ने कहा कि रेड क्रॉस द्वारा प्रतिपादित मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वैच्छिक सेवा एवं एकता जैसे सिद्धांत आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं। मुख्य वक्ता सुरेंद्र श्योराण ने 'रेड क्रॉस का इतिहास, उद्देश्य एवं यूथ रेड क्रॉस की गतिविधियां' विषय पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआंत यूथ रेड क्रॉस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. चंद्रशेखर डागर द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. भगत सिंह ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लोचन शर्मा एवं डॉ. दीपक कौशिक भी उपस्थित रहे। अंत में विद्यार्थियों एवं स्वयंसेवकों ने मानवता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 8.5.26 | 2 | 7-8 |

## सेवा के आदर्शों को अपनाने का संकल्प

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) की यूथ रेडक्रॉस इकाई ने शुक्रवार को विवि परिसर में विश्व रेडक्रॉस एवं रेडक्रिसेंट दिवस मनाया। इस अवसर पर वर्ष 1901 में नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित हेनरी ड्यूनांट को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने मानवता, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व के आदर्शों का पालन करने का संकल्प लिया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि रेडक्रॉस के सिद्धांत-मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वैच्छिक सेवा और एकता सदैव प्रासंगिक हैं। जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सेवानिवृत्त सचिव सुरेंद्र श्योराण ने रेडक्रॉस का इतिहास, उद्देश्य और यूथ रेडक्रॉस की गतिविधियां साझा की। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. चंद्रशेखर डागर ने अतिथियों का स्वागत किया। अंत में डॉ. भगत सिंह ने आभार जताया। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 08.05.2026 | -- | -- |

# रेड क्रॉस के स्वैच्छिक सेवा एवं एकता जैसे सिद्धांत आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक : डॉ. खीचड़

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में विश्व रेड क्रॉस एवं रेड क्रिसेंट दिवस मनाया गया। यह दिवस विश्व भर में हेनरी ड्यूनांट की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्होंने अपना जीवन मानव सेवा को समर्पित किया तथा वर्ष 1901 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी

कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड़ मुख्य अतिथि जबकि जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सेवानिवृत सचिव सुरेंद्र श्योराण विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. खीचड़ ने कहा कि रेड क्रॉस द्वारा प्रतिपादित मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वैच्छिक सेवा एवं एकता जैसे सिद्धांत आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक है। उन्होंने यूथ रेड क्रॉस स्वयंसेवकों द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की तथा विद्यार्थियों को सामाजिक एवं मानवीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का जीवन केवल शैक्षणिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता तथा सेवा भावना का विकास भी होना चाहिए।

मुख्य वक्ता सुरेंद्र श्योराण ने 'रेड क्रॉस का इतिहास, उद्देश्य एवं यूथ रेड क्रॉस की गतिविधियां' विषय पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस आंदोलन की स्थापना वर्ष 1863 में जिनेवा में हेनरी ड्यूनांट द्वारा की गई थी। सोलफेरिनो के युद्ध में घायल सैनिकों की पीड़ा को देखकर उन्हें इस महान मानवीय आंदोलन की प्रेरणा मिली। उन्होंने बताया कि रेड क्रॉस का मुख्य उद्देश्य मानव पीड़ा को कम करना, जीवन एवं स्वास्थ्य की रक्षा करना, मानवीय गरिमा को बनाए रखना तथा समाज में आपसी सहयोग, मित्रता और शांति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम की शुरुआत यूथ रेड क्रॉस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. चंद्रशेखर डागर द्वारा सभी अतिथियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के स्वागत के साथ हुई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. भगत सिंह ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. लोचन शर्मा एवं डॉ. दीपक कौशिक भी उपस्थित रहे।